
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna, PSU)

Great Place To Work. Certified
JUN 2024-JUN 2025
INDIA

# गंगावतरणम्
# GANGAVATARANAM

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

जुलाई, 2024



**मुख्य संरक्षक**
**श्री आर. के. विश्नोई**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
**श्री शैलेन्द्र सिंह**
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
महाप्रबंधक
(मानव संसाधन एवं जनसंपर्क)

**उप संपादक**
**सुश्री काजल परमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**विशिष्ट सहयोग**
**श्री पंकज कुमार शर्मा**
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
**श्री ईशान भूषण**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**समन्वयक**

टिहरी
**श्री मनवीर नेगी**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कोटेश्वर
**श्री आर. डी. ममगाई**
उप प्रबंधक (जनसंपर्क)

कौशांबी
**श्री के. सूर्या मौली**
सहायक प्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.)

खुर्जा
**श्री प्रभात कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

पीपलकोटी
**श्री यतवीर सिंह चौहान,** प्रबंधक (जनसंपर्क)
व **श्री अविनाश कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

# CONTENTS

1. CMD Message ....................2.
2. Hon'ble Minister of Power and Housing & Urban Affairs visited Tehri Power Complex ....................5.
3. CMD, NTPC Ltd. visit to 2400 MW Tehri Power Complex ....................6.
4. THDCIL organized LAHAR conclave-2024 ....................7.
5. THDCIL celebrated 37th Foundation Day- 2024 ....................8.
6. Successful Trial and Testing of Coal Stacking Path at Khurja STPP & Raft Concrete of Butterfly Valve Chamber Begins at VPHEP ....................11.
7. Inauguration of training at THDCIL-IKCA High Performance Academy & Various inaugurations at Tehri Hydro Project Unit ....................12.
8. Winners of Reward and Award Scheme 2024 ....................13.
9. Ladies Welfare Association ....................16.
10. High level visits at KSTPP & Inauguration of New Knitting Training Center ....................17.
11. Ek Ped Maa Ke Nam campaign, Plantation Drive at VPHEP, Awareness and Knowledge sharing session and Yoga session at Kaushambi ....................18.
12. Superannuations ....................19.

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का 37 वें स्थापना दिवस के अवसर पर संदेश



देवियों और सज्जनों तथा वर्चुअल माध्यम से जुड़े निगम के परियोजना प्रभारी, सीईओ, विभागाध्यक्ष, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यगण,

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के 37वें स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई |

हम सभी को हमारे संगठन के इस ऐतिहासिक स्थापना दिवस पर प्रसन्नता के साथ-साथ गर्व भी है | सन् 1988 से आज तक का सफर आप सभी के सामूहिक और निरंतर प्रयासों से बहुत सफल रहा है | वैसे तो मेरा आप सभी से संवाद निरंतर बना रहता है परंतु आज का दिन बहुत विशेष दिन है और हम सबको गौरवान्वित करने वाला है |

इस दिन को और भी विशेष बनाने के लिए हमारे मध्य निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. शर्मा आज यहाँ उपस्थित हैं | जिनकी गरिमामयी उपस्थिति और सानिध्य हमें अभिभावक के रूप में हमेशा प्रेरित करता है | आपकी उपस्थिति उसी प्रकार है जिस प्रकार एक वटवृक्ष अपने सानिध्य में सभी को छाया देता है, उसी प्रकार आपका सानिध्य भी हम सभी को छाया स्वरूप प्रेरणा देता है |

प्रिय साथियों, कार्य क्षेत्र चाहे जो भी हो, हर लक्ष्य को टीएचडीसी की हमारी टीम ने कड़े संघर्ष और समर्पण से हासिल किया है | मेरा विश्वास है कि एक अच्छे संगठन से एक सर्वश्रेष्ठ संगठन बनने की अपनी दिशा में उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ते हुए हम दुनिया के सामने एक नए इतिहास को रच कर विश्व पटल पर अपना लोहा मनवाएंगे। इसी के साथ मैं आप सभी को यह भी बताना चाहता हूं कि महान संस्थाएं एक दिन में नहीं बनतीं, श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी टीम सदस्यों के निस्वार्थ प्रयासों और निष्पादन में लगातार वर्षों और दशकों का समर्पण लगता है, जो आप सभी ने दिखाया है |

इसके अलावा यह प्रयास व्यक्तिगत प्रयास या निष्पादन नहीं हैं, बल्कि संगठन के सभी प्रोजेक्ट और विभागों में समर्पित रूप से योगदान देने वाले सभी टीम सदस्यों का सामूहिक प्रयास है। निगम के कर्मचारी कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी सेवाएं निगम को देते हैं जिनकी कर्तव्यपरायणता के पीछे उनके परिवार के सदस्यों का भरपूर सहयोग रहता है तभी वे पूरे मन से कार्य करने में सफल हो पाते हैं |

साथियों, टीएचडीसी की स्थापना से लेकर अब तक का सफर आसान नहीं था परंतु हम सभी ने साथ मिलकर अपनी अथक मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है | मैं बड़े गर्व और सम्मान के साथ यह कह सकता हूं कि टीएचडीसी, देश को समर्पित एक श्रेष्ठ ऊर्जा इकाई होने के सभी मापदंडों पर खरी उतरती है।

पिछले कई दशकों से हम अपनी लगन और मेहनत से हाइड्रो सेक्टर में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं और इस साल भी रिकॉर्ड समय में हमने अपने महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट यानी देश के सबसे बड़े 1000 मेगावाट पंप स्टोरेज प्लांट को साकार करने के लिए दिन-रात कार्य किया है, जिसके साथ ही हम देश के विद्युत परिदृश्य में क्रांति लाने की कगार पर हैं।

अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में पीएसपी की हमारी पहली इकाई ऑपरेशनल हो जाएगी और इसके उपरांत periodic phases में शेष 3 इकाइयां भी ऑपरेशनल हो जाएंगी | इसके साथ ही टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड का पूरा टिहरी कॉम्प्लेक्स 2400 मेगावाट क्षमता के साथ ऑपरेशनल हो जाएगा, जो देश का सबसे बड़ा जलविद्युत कॉम्प्लेक्स होगा और यह निगम की एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी | जिसके लिए मैं अपनी पूरी टीम को बधाई देता हूं।
मैं आप सभी से यह भी साझा करना चाहता हूँ कि हमने माननीय प्रधानमंत्री जी से टिहरी पीएसपी के लोकार्पण हेतु आग्रह किया है तथा इस दिशा में हमारे सभी कार्य पूर्ण रूप से प्रगति पर हैं |
विद्युत क्षेत्र में टीएचडीसी की क्षमताओं पर भरोसा करते हुए भारत सरकार और अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा हमें अरुणाचल प्रदेश के लोहित घाटी में दो जलविद्युत परियोजनाओं डेमवे लोअर-1750 मेगावाट और कलाई-ii 1200 मेगावाट को कार्यान्वित करने की जिम्मेदारी दी गई थी | हमारी टीमें इन परियोजनाओं पर कार्य करने में जुटी हैं |
इसके साथ ही हम उत्तराखंड के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में हमारी अन्य जल विद्युत परियोजनाओं और हमारी सभी संयुक्त उपक्रम कंपनियों में भी सफलता हासिल कर रहे हैं | जिसका श्रेय आप सभी की लगन और मेहनत को जाता है |
हमने अपने अंदर कठिन परिस्थितियों से उभरने की क्षमता का विकास किया है जिसका परिणाम कंपनी के निष्पादन में परिलक्षित होता है और इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं | मैं मानता हूं कि जब हम सब एकजुट होकर काम करते हैं, तो हर कठिनाई से पार पाना आसान हो जाता है। इसी प्रकार के संघर्ष और सहयोग से ही हमें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका मिलता है।
पिछले कई वर्षों से हम 444 मेगावाट की विष्णुगाड पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन पिछले वर्ष से हमने इस परियोजना के कार्य में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है और मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में हम इसे भी कमीशन कर लेंगे।
इसके अलावा, हम टीएचडीसीआईएल की पहली थर्मल परियोजना, 1320 की मेगावाट खुर्जा सुपर थर्मल पॉवर परियोजना को कमीशन करने के अंतिम चरण में हैं। यह थर्मल पावर प्रोजेक्ट देश की विद्युत आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा जिससे हमारे देश की ऊर्जा आपूर्ति में अधिक विश्वसनीयता और स्थिरता सुनिश्चित होगी | इस परियोजना की गणना देश की सबसे जल्द बनने वाली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजनाओं में की जाएगी। हालांकि थर्मल पावर जनरेशन हमारा कोर सेक्टर या कार्य क्षेत्र नहीं है और पूर्व में हमारे पास इस क्षेत्र में कार्य का अनुभव भी नहीं था, लेकिन फिर भी हम इस परियोजना को बहुत तेजी से पूरा करने की ओर बढ़ रहे हैं और मुझे विश्वास है कि आगे इस क्षेत्र में हम नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस परियोजना से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्य जैसे रेलवे साइडिंग कार्य, बॉयलर लाइट अप वैगन टिपलर आदि और अन्य गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं।
इसके अतिरिक्त, मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि मध्य प्रदेश के अमेलिया में हमारी कोयला खदानों में निर्धारित समय से छह महीने पहले ही वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो गया और अब तक एनटीपीसी लिमिटेड के विभिन्न विद्युत संयंत्रों को 500 रेक कोयला सफलतापूर्वक भेजा जा चुका है जो कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
साथियों जिस प्रकार जन्मदिन हमारे लिए विशेष महत्व रखते हैं उसी प्रकार निगम का स्थापना दिवस भी हम सभी के हृदय में एक विशेष स्थान रखता है | माँ स्वरूप इस निगम में मैंने इतने वर्षों से जुड़े रहने के साथ एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त किया है जिसे शब्दों में व्यक्त करना आसान नहीं है। यदि हम अपने गौरवमय इतिहास पर नजर डालें तो हमें अपनी उपलब्धियों पर यथोचित गर्व होगा | टीएचडीसी का 37वां स्थापना दिवस एक ऐसा अवसर है, जब हम इस लंबी यात्रा में अपनी उपलब्धियों का उत्सव मनाएं परंतु हमें इतने में ही संतुष्ट नहीं होना चाहिए | हमारा ध्यान उन चुनौतियों से नहीं हटना चाहिए जो हमारे सामने हैं | हमारा निरंतर यह प्रयास होना चाहिए कि हम लगातार परिवर्तनशील परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें |
इस वर्ष निगम ने तकनीकी कौशल के साथ-साथ परिचालन दक्षता में अपनी क्षमताओं का विस्तार करने में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। हर वर्ष की भांति कंपनी को इस वर्ष भी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा कई विभिन्न पुरस्कार और मान्यताएँ हासिल हुई हैं।

साथियों मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व की अनुभूति हो रही है कि आपके अथक प्रयासों से हम भारत के ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले वर्षों में भी कई ऐतिहासिक मील के पत्थर स्थापित करने के लिए तैयार हैं। मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि जो लोग परियोजनाओं में अपने परिवारों से दूर हैं और हमारे परियोजनाओं के निर्माण और कमीशनिंग के लिए सेवारत हैं इसके लिए आप और आपके परिवार के सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं क्योंकि आपने अपने परिवार के साथ-साथ निगम को भी अपने परिवार का अहम हिस्सा माना है और इसकी तरक्की और सफलता के लिए कार्य कर रहे हैं | साथियों हमने हमारे सभी कार्यों का निर्वहन सदैव उत्कृष्टता से किया है और हमने सत्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता के उच्च मानकों को भी बनाए रखा है | मुझे यह बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष हमने ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाणन हासिल किया है जो निगम में कार्य करने के सकारात्मक वातावरण का प्रमाण है | जैसा कि आप सभी को विदित ही है कि आपके प्रबंधन ने आप सभी के निरंतर विकास के लिए कई पहलों की शुरुआत की है जैसे E-Gyan Sanchay (E- Learning Module), समय-समय पर प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का आयोजन आदि | हमें अपने कार्यस्थल में अग्रसर रहने के लिए विश्व की latest technologies से आपने आपको अपडेट रखना चाहिए |

हमारे सभी प्रयास निगम के नव-सृजित विज़न "एक एकीकृत वैश्विक ऊर्जा संगठन जो भारत की शुद्ध-शून्य आकांक्षाओं की अभिप्राप्ति के लिए सतत समाधान प्राप्त करे" और मिशन एवं कॉर वैल्यूस के अनुरूप ही हैं |

देवियों और सज्जनों, हमारी सफलता की कहानी यहीं समाप्त नहीं होती । हमारी कंपनी देश के विभिन्न भागों में सभी ऊर्जा स्रोतों का दोहन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमारे निगम टीएचडीसी ने लगभग साढ़े तीन दशक पहले टिहरी के एक छोटे से गांव से शुरुआत की थी और अब अपने पंख नई ऊंचाइयों पर फैला चुका है और आगे भी ऊंची उड़ान भरता रहेगा। अब हमें मिलकर अगले शानदार पड़ावों की ओर बढ़ना है | आने वाले निर्धारित लक्ष्यों को दृढ़ता से हासिल करना है | आज के बदलते विद्युत परिदृश्य में अब समय है सर्वश्रेष्ठ से भी बेहतर प्रदर्शन करने का | हमें किसी भी बाधा में पीछे नहीं हटना है और शिथिलता को अस्वीकार करते हुए नित नए आयाम हासिल करने के लिए तत्पर रहना है |

महाभारत में जिस प्रकार अर्जुन ने तैलपात्र में मछली के प्रतिबिम्ब को देखते हुए एक ही बाण से मछली की आँख को भेद दिया, यह हमें सिखाता है कि निश्चित लक्ष्य, सही नेतृत्व और निरंतर संघर्ष के माध्यम से हम किसी भी कठिनाई को पार कर सकते हैं और अपने लक्ष्य को साकार कर सकते हैं।

निगम के मेरे सभी सहकर्मियों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा दिए गए सतत और अमूल्य योगदान के लिए मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि हम सभी मिलकर अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते रहेंगे और निगम को नित नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे क्योंकि मैं मानता हूं कि एक संस्था की महानता उसके कर्मचारियों के संघर्ष और समर्पण में निहित है। मुझे पूरी आशा है कि आपकी नियमित प्रतिबद्धता, सहयोग और मेहनत से हम अपने सभी दायित्वों कों पूरी निष्ठा से पूर्ण करते रहेंगे |

"चलते रहो जिद्दी राह पर, अपनी मंजिल की ओर, क्योंकि अब और ना रुकने वाले हम।"

मैं पुनः आप सभी को बहुत-बहुत मंगलकामनाएं देता हूँ |

धन्यवाद

जय हिंद !

जय टीएचडीसी !

**(आर. के. विश्नोई)**

## माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवास एवं शहरी कार्य मंत्री, श्री मनोहर लाल का 2400 मेगावाट के टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स का दौरा






**माननीय केंद्रीय मंत्री के दौरे की झलकियां**

माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवास एवं शहरी कार्य, मंत्री श्री मनोहर लाल ने 15 जुलाई, 2024 को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में 2400 मेगावाट के टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। विद्युत मंत्रालय के एक प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल के साथ, माननीय मंत्री का टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई, निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (तकनीकी), श्री भूपेन्द्र गुप्ता और टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

दौरे के दौरान, श्री मनोहर लाल ने 1000 मेगावाट के टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) में चल रही निर्माण गतिविधियों का निरीक्षण किया, जो टीएचडीसीआईएल की एक प्रमुख परियोजना है, साथ ही जो भारत में अक्षय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक है। माननीय मंत्री ने बटरफ्लाई वाल्व चैंबर, मशीन हॉल और टिहरी पीएसपी के आउटफॉल सहित कई प्रमुख परियोजना क्षेत्रों का निरीक्षण किया और नदी संयोजन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की, जो पीएसपी की मौजूदा जल प्रबंधन प्रणालियों को एकीकृत करने का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

चल रहे प्रयासों पर अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए उन्होंने ने नवीकरणीय और विश्वसनीय जलविद्युत उत्पादन को आगे बढ़ाने की दिशा में टीएचडीसीआईएल के अथक समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए पूरी टीएचडीसी टीम को बधाई दी। श्री मनोहर लाल ने टीएचडीसी टीम की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और 2400 मेगावाट के टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स के विकास में स्थापित किए गए उच्चतम मानकों की सराहना की | उन्होंने कहा कि किस प्रकार टीएचडीसीआईएल माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत के विजन के साथ आगे बढ़ी रही है। उन्होंने कहा, "टिहरी बांध टीएचडीसीआईएल के लिए एक उल्लेखनीय माइलस्टोन है, जो ऐसे समय में पूरा हुआ जब इस तरह के विशाल बांध का विचार लगभग अकल्पनीय लगता था। टिहरी बांध का विकास किसी चमत्कार से कम नहीं है और यह अपने आप में एक इंजीनियरिंग मारवेल है"।

टीएचडीसी प्रबंधन और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में माननीय मंत्री जी ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग प्रदान करने में जलविद्युत के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने टीएचडीसीआईएल की टीम से अपनी गति बनाए रखने और शेष परियोजना चरणों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने जलविद्युत प्रौद्योगिकी की सीमाओं को आगे बढ़ाने में टीएचडीसीआईएल के प्रयासों की सराहना की और टीएचडीसीआईएल की टीम को उत्कृष्टता के साथ प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया।




टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने माननीय मंत्री जी को उनके निरीक्षण दौरे और उत्साहवर्धक शब्दों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने भारत के लिए सतत ऊर्जा भविष्य में योगदान देने के व्यापक मिशन के हिस्से के रूप में टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह दौरा टीएचडीसीआईएल टीम के मध्य नए उद्देश्यों की भावना उत्पन्न करने के साथ संपन्न हुआ, जो भारत के जलविद्युत क्षेत्र के भविष्य के लिए माननीय मंत्री जी के विजन एवं उस विजन को साकार करने में टीएचडीसीआईएल की विशेष भूमिका के लिए प्रेरित करता है।

## CMD, NTPC Ltd. Visit to 2400 MW Tehri Power Complex





Sh. Gurdeep Singh, CMD, NTPC Limited, undertook an official visit to the iconic 2400 MW, Tehri Hydro Power Complex of THDC India Limited on 01st July, 2024. Sh. Gurdeep Singh was warmly welcomed by Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL, Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), and Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), along with other senior officers of THDCIL.

During his visit, Sh. Gurdeep Singh meticulously inspected the ongoing construction activities of the 1000 MW Tehri Pumped Storage Plant (PSP). Alongside Sh. K. S. Sundaram, Director (Projects), NTPC and Sh. S. N. Tripathi, Regional ED, NTPC, he reviewed the progress of critical areas such as the Butterfly Valve Chamber, Machine Hall, and Outfall of the Tehri PSP. Furthermore, he conducted a detailed inspection at the Machine Hall of the 1000 MW Tehri Hydro Power Project.

Sh. Singh also interacted with the senior officers of THDCIL during a special interactive session, emphasizing the critical importance of the timely commissioning of the Tehri PSP. Sh. Singh aimed to boost morale and foster a collaborative spirit among the team and acknowledged the dedication and efforts of the THDCIL team.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, THDC India Limited during his address highlighted the significance of Pumped Storage Plants (PSPs) in the energy landscape of the country, particularly in the efforts to provide 24x7 affordable power to the nation. He emphasized that PSPs are pivotal for the future of energy transition, underscoring their role in enhancing grid stability and integrating renewable energy sources.

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा 'जलविद्युत क्षमता के दोहन' पर लहर कॉन्क्लेव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया






**लहर कॉन्क्लेव के आयोजन के दृश्य**

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 19 जुलाई, 2024 को लहर कॉन्क्लेव (लार्ज हाइड्रो एक्टिव रीच आउट), 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कॉन्क्लेव ने भारत के जलविद्युत क्षेत्र की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण नवाचारों को प्रदर्शित करने एवं विचार-विमर्श हेतु एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भूमिका निभाई।

कॉन्क्लेव का उद्घाटन श्री आर. के. विश्नोई, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं लहर समिति के अध्यक्ष द्वारा किया गया। श्री विश्नोई ने श्री मनोज त्रिपाठी, अध्यक्ष, बीबीएमबी, श्री शैलेंद्र सिंह, निदेशक(कार्मिक), टीएचडीसी एवं श्री ए. के. दिनकर, सचिव, सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) के साथ मिलकर कॉन्क्लेव का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आर. के. विश्नोई ने सभी उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए देश के विद्युत परिदृश्य में जल विद्युत की महत्वपूर्ण भूमिका और जल विद्युत क्षेत्र के लिए एक सामूहिक ब्रांडिंग पहल के रूप में लहर कॉन्क्लेव के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने जलविद्युत विकास के प्रति सकारात्मक सामुदायिक सक्रियता को बढ़ावा देने, प्रचलित नकारात्मक धारणाओं का सामना करने और राष्ट्रीय विकास के लिए सतत प्रथाओं को बढ़ावा देने के कॉन्क्लेव के लक्ष्यों को रेखांकित किया।

उन्होंने टीएचडीसी की रणनीतिक पहलों जिनका उद्देश्य जलविद्युत क्षमता का जवाबदेही के साथ सतत रूप से दोहन करना है, पर प्रकाश डाला। जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति और राष्ट्रीय विकास में योगदान हेतु सहयोग, उच्चतम प्रयास साझा करने और नए अवसरों की खोज की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

श्री मनोज त्रिपाठी, बीबीएमबी के अध्यक्ष ने जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कॉन्क्लेव की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने नीतिगत ढांचे पर चर्चा करने और सतत जलविद्युत विकास की सुनिश्चितता निर्धारित करने के लिए सरकारी निकायों, निजी कंपनियों, वित्तीय संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय समुदायों सहित हितधारकों के विविधायुक्त समूह को एक साथ लाने में कॉन्क्लेव की महत्ता पर प्रकाश डाला।

श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक(कार्मिक) ने भारत में जलविद्युत की क्षमता की तलाश करने एवं उसका अधिकतम दोहन करने के लिए एक आधारशिला कार्यक्रम के रूप में लहर कॉन्क्लेव के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव उद्योग विशेषज्ञों, हितधारकों और संस्थान प्रमुखों को पर्यावरणीय विचारों से लेकर तकनीकी प्रगति तक के क्षेत्र की चुनौतियों के नवीन समाधानों पर एकजुट होने, विशेष जानकारी साझा करने एवं सहयोग करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

कॉन्क्लेव में एनएचपीसी, एसजेवीएन, एनटीपीसी, नीपको, बीबीएमबी, डीवीसी और सीईए सहित जल विद्युत क्षेत्र की विभिन्न प्रमुख संस्थाओं के लगभग 160 प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों के साथ-साथ आईओसीएल, आईआईटी रूड़की जैसे प्रमुख संस्थानों के प्रमुखों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में जल विद्युत परियोजना प्रबंधन, पर्यावरणीय मंजूरी प्रक्रियाओं, भूमि अधिग्रहण चुनौतियों और समय पर परियोजनाओं की जटिलताओं पर नियंत्रण पाने की रणनीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक दस्तावेजो के साथ प्रस्तुतियां शामिल थीं।

कॉन्क्लेव का समापन श्री ए. के. दिनकर, सीबीआईपी के सचिव द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। श्री दिनकर ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए सभी सम्मानित अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सतत ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक संवाद, नवाचार और साझेदारी को बढ़ावा देने में कॉन्क्लेव की भूमिका पर जोर दिया।





## हर्षोल्लास से मनाया गया 37 वां स्थापना दिवस

12 जुलाई, 2024 को निगम का 37वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक मनाया गया | निगम के कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश सहित सभी परियोजना कार्यालयों व इकाइयों में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया | इस अवसर पर श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा निगम का ध्वज फहराया गया तथा उपस्थित जन-समूह को संबोधित किया गया | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का स्थापना दिवस संदेश सभी परियोजना कार्यालयों व इकाइयों में लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया |

**ऋषिकेश**





**ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ**

स्थापना दिवस के अवसर पर कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा निगम का ध्वज फहराया गया | इस अवसर पर श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) भी उपस्थित रहे | इस विशेष अवसर पर निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. शर्मा को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन की सफलता में उनके अमूल्य योगदान के लिए "नमन" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही श्री संदीप सिंघल, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी), श्री वीर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) एवं श्री वीरेंद्र सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (ओएमएस, गुणवत्ता आश्वासन एवं सुरक्षा) को टीएचडीसी के उच्च प्रबंधन द्वारा “गौरव” पुरस्कार से सम्मानित किया गया |

**टिहरी**



श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर निगम का ध्वज फहराया गया |

**खुर्जा**



श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (खुर्जा परियोजना) द्वारा निगम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में ध्वज फहराया गया |

**कौशांबी**



श्री नीरज वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एनसीआर कार्यालय में निगम का ध्वज फहराया गया |





**पीपलकोटी**



444 मेगावाट विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना में श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निगम का ध्वज फहराया गया।

**अमेलिया**




अमेलिया कोल माइन परियोजना में निगम के 37वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर ध्वज फहराया गया।

**देहरादून**




निगम के देहरादून कार्यालय में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निगम का ध्वज फहराया गया।

**कासरगॉड**



50 मेगावाट की कासरगॉड सौर परियोजना में निगम के 37वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर ध्वज फहराया गया।

निगम के स्थापना दिवस के उत्सव को बढ़ावा देने के लिए 01 जुलाई, 2024 से 10 जुलाई, 2024 तक "जलसा: प्री-स्थापना दिवस महोत्सव" का आयोजन किया गया जिसमें संगीत, नृत्य, प्रतियोगिताओं और अनेक रोमांचक कार्यक्रम आयोजित किए गए । इन कार्यक्रमों में कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक सत्र, पारिवारिक सदस्यों हेतु पाक कला प्रतियोगिताएं, बच्चों के लिए प्रतिभा शो, टेलेंट शो आदि शामिल थे। इन आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों के बीच एकता की भावना बढ़ाना और उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा दिए जा रहे महत्वपूर्ण सहयोग को पुरस्कृत करना था। उक्त प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित विजेता रहे :

### गार्डन ग्लोरी प्रतियोगिता

**1.** श्री मुकुल गर्ग, अपर महाप्रबंधक, निदेशक (तकनीकी) सचिवालय, ऋषिकेश
**2.** श्री एच. सी. उपाध्याय, उप महाप्रबंधक (भू-विज्ञान एवं भू-तकनीकी), ऋषिकेश
**3.** श्री पी. सी. थपलियाल, उप महाप्रबंधक (एमपीएस), ऋषिकेश

### क्यूलनेरी कम्पैन्यन प्रतियोगिता

**1.** श्रीमती शुभी, पत्नी श्री शुभम चौबे, सहायक प्रबंधक (एचआरडी), ऋषिकेश
**2.** श्रीमती वंदना, पत्नी श्री संजीत चौधरी, सहायक प्रबंधक (सा. एवं पर्या.), ऋषिकेश
**3.** श्रीमती आकांक्षा शर्मा, पत्नी श्री पंकज विश्वकर्मा, प्रबंधक (भू-विज्ञान एवं भू-तकनीकी), ऋषिकेश

### लेमन स्पून प्रतियोगिता

**1.** श्रीमती निर्मला त्यागी, पत्नी श्री निरंकार त्यागी, वरिष्ठ प्रबंधक (कमर्शियल), ऋषिकेश
**2.** श्रीमती लक्ष्मी चौहान, पत्नी श्री रमेश सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक (प्रापण), ऋषिकेश
**3.** श्रीमती वंदना, पत्नी श्री संजीत चौधरी, सहायक प्रबंधक (सा. एवं पर्या.), ऋषिकेश

### कैरम प्रतियोगिता

**1.** श्रीमती कपिला उपाध्याय, पत्नी श्री एच. सी. उपाध्याय, उप महाप्रबंधक (भू-विज्ञान एवं भू-तकनीकी), ऋषिकेश
**2.** श्रीमती आकांक्षा शर्मा, पत्नी श्री पंकज विश्वकर्मा, प्रबंधक (भू-विज्ञान एवं भू-तकनीकी), ऋषिकेश

### चेस प्रतियोगिता

**1.** श्रीमती अनामिका बुड़ाकोटी, पत्नी श्री विशाल शारिया, वरिष्ठ प्रबंधक (आईई), ऋषिकेश
**2.** श्रीमती प्रियंका, पत्नी श्री युद्धवीर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (डीएंडई-सिविल), ऋषिकेश

### बैडमिंटन सिंगल प्रतियोगिता (बच्चों हेतु)

**1.** कुमार अधीश, पुत्र श्री मधुर चौधरी, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट, ऋषिकेश
**2.** कुमार सुकृत, पुत्र पी. सी. थपलियाल, उप महाप्रबंधक (एमपीएस), ऋषिकेश





### बैडमिंटन डबल्स प्रतियोगिता (बच्चों हेतु)

**1.** कुमार सुकृत व सुनव्य, पुत्र श्री पी. सी. थपलियाल, उप महाप्रबंधक (एमपीएस) व श्री अमलेंदु त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रबंधक (भू-विज्ञान & भू-तकनीकी) ऋषिकेश

**2.** कुमार वेदान्त व अधीश, पुत्र श्री विवेक बड़ोनी, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) व श्री मधुर चौधरी, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट, ऋषिकेश

### चेस प्रतियोगिता (बच्चों हेतु)

**1.** कुमार भाषित, पुत्र श्रीमती विभा चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऋषिकेश

**2.** कुमार सुकृत, पुत्र श्री पी. सी. थपलियाल, उप महाप्रबंधक (एमपीएस), ऋषिकेश

### गायन

**1.** कुमार अवन्त सिंह, पुत्र श्री अनूप कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (कमर्शियल), ऋषिकेश

**2.** कुमार अधीश चौधरी, पुत्र श्री मधुर चौधरी, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट, ऋषिकेश

**3.** कुमारी पिहू नगराले, पुत्री श्री नगराले सुमेध देवराव, प्रबंधक (डी एंड ई- सिविल), ऋषिकेश

### मिसेज टीएचडीसी

**1.** डॉ. विभा चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऋषिकेश

**2.** श्रीमती ऑलिव बोयपाई, पत्नी श्री अनिल मुण्डू, वरिष्ठ प्रबंधक (मा. सं.), ऋषिकेश

**3.** श्रीमती बीना कौशल सिंह, पत्नी श्री अनूप कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (कमर्शियल), ऋषिकेश

### बैडमिंटन जूनियर प्रतियोगिता (बच्चों हेतु)

**1.** कुमार रुद्र व्यास, पुत्र श्रीमती स्वाती व्यास, प्रबंधक (वित्त) ऋषिकेश

**2.** कुमारी जैत्रा, पुत्री श्री आर. के. श्रीवास्तव, प्रबंधक (एमपीएस), ऋषिकेश

### इन हाउस टैलेंट (बच्चों हेतु)

#### नृत्य

**1.** कुमारी अहाना विश्वकर्मा, पुत्री श्री पंकज विश्वकर्मा, प्रबंधक (भू-विज्ञान एवं भू-तकनीकी) ऋषिकेश

**2.** कुमार स्पर्श सिंघल, पुत्र श्री रॉबिन सिंघल, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त), ऋषिकेश

**3.** कुमारी अधिरा नगराले, पुत्री श्री नगराले सुमेध देवराव, प्रबंधक (डी एंड ई- सिविल), ऋषिकेश

**4.** कुमारी अनीका चंद, पुत्री श्री युधवीर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (डी एंड ई - सिविल), ऋषिकेश (कान्सलेशन)

### म्यूज़िकल इन्सट्रूमेंट

**1.** कुमार प्रखर आनंद, पुत्र श्री आशुतोष कुमार आनंद, वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सं.), निदेशक कार्मिक सचिवालय, ऋषिकेश

**2.** कुमार मानुल वर्मा, पुत्र श्री आर. के. वर्मा, अपर महाप्रबंधक (इंचार्ज-कमर्शियल), ऋषिकेश





# HOUSEKEEPING AWARDS

**Housekeeping Award for upkeep of Offices**

1st **NCR Office** 2nd **Tehri**

**Housekeeping Award for upkeep of Residential area/ colonies**

1st **Rishikesh** 2nd **VPHEP**

**Housekeeping Award for upkeep of Guest houses/Field hostels**

1st **Khurja STPP** 2nd **Rishikesh**

**Plant Housekeeping Award**

1st **Tehri** 2nd **Koteshwar**

## Successful Trial and Testing of Coal Stacking Path at Khurja STPP



In a significant advancement in 1320 MW KSTPP, successful trial and testing of the coal stacking path, from Wagon Tippler-01 to Stacker Reclaimer-01, encompassing all associated conveyors, equipment, and accessories has been completed on 31 July, 2024 at the Khurja Super Thermal Power Project (STPP). All operational parameters were met, including checking all scenarios through auto-mode with all interlock interlock as per control philosophy. This successful testing signifies and confirms the readiness of the Coal handling path to manage the demanding requirements of coal handling and sets the stage for the subsequent coal firing of Unit#1, scheduled for September 2024. This milestone also marks a significant step forward in the commissioning of the Khurja STPP, bringing the project one step closer to full operational status. Sh. Kumar Sharad (ED Project – KSTPP), Sh. Vijay Kumar (AGM, CHP & Rly. Siding), and all senior officers of THDC, NTPC, and M/s tkII etc., were present and witnessed the successful trial testing of the Coal stacking path. Sh. Kumar Sharad, ED (Project) congratulated the entire team on this occasion and commended the dedication and hard work of CHP team involved in the project, as well as the collaborative efforts between THDC India Ltd., CHP contracting agency M/s tkII, Consultant NTPC and effective liaisoning with Indian Railways.

## Raft Concrete of Butterfly Valve Chamber Begins at VPHEP



The raft concrete for the Butterfly Valve Chamber (BVC) of 444 MW Vishnugad-Pipalkoti Hydro Electric Project (VPHEP) commenced on 31st July 2024. The Head of the Project and Chief General Manager, Sh. Ajay Verma, along with Sh. K.P. Singh, AGM (In-charge), TBM&PH, Sh. Anil Bhatt, DGM (TBM), and HCC Project Manager, Sh. Sajit Kumar, laid the foundation stone, marking a significant milestone in the ongoing construction project. This phase is crucial as it involves meticulous planning and precise execution to ensure the concrete raft can support the weight and operational stresses of the butterfly valve and its chamber.

## टीएचडीसीआईएल के कोटेश्वर-टिहरी, में वाटर स्पोर्ट्स हाई-परफॉर्मेंस अकादमी प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ



कोटेश्वर परियोजना क्षेत्र में टीएचडीसीआईएल-आईकेसीए (टीएचएसीके) इंडियन कैनोइंग एवं कयाकिंग ऐसोसिएशन, उत्तराखंड ओलंपिक ऐसोसिएशन, खेल विभाग उत्तराखंड के सहयोग से संचालित हाई-परफॉर्मेंस अकादमी (वाटर स्पोर्ट्स) में प्रशिक्षण का शुभारंभ दिनांक 16 जुलाई, 2024 को मुख्य अतिथि श्री अमित कुमार सिन्हा, अपर महानिदेशक, उत्तराखंड पुलिस एवं सचिव उत्तराखंड खेल विभाग के कर कमलों एवं डॉ. डी. के. सिंह, महासचिव उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन, श्री एल.पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक, (टिहरी कॉम्प्लेक्स) टीएचडीसी, डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.) टीएचडीसी टिहरी, श्री नवनीत सिंह भुल्लर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, टिहरी, टिहरी गढ़वाल की गरिमामयी उपस्थिति में पूजा अर्चना कर किया गया | इस अवसर पर श्री डी.पी. पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री बी. एस. पुंडीर, अपर महाप्रबंधक (ओ.एण्ड एम.), सुश्री ओसिन जोशी, पुलिस उपाध्यक्षिका, टिहरी, टिहरी गढ़वाल, श्री ओ.पी. भट्ट, सिक्युरिटी एसोसिएट, श्री योगेंद्र सिंह गुसाईं, थाना अध्यक्ष नई टिहरी, श्री बी.एस. नकोटी, वरिष्ठ प्रबंधक, श्री गणेश मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक, श्री गिरीश उनियाल, उप प्रबंधक एवं सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे |

## टिहरी में व्यापक संचार नेटवर्क, व्यापक सुरक्षा नेटवर्क एवं अन्नपूर्णा कैन्टीन एवं चालक कक्ष का उद्घाटन

टिहरी प्रोजेक्ट, भागीरथीपुरम, टॉप टेरिस अतिथि गृह के पास एक व्यापक संचार नेटवर्क (नवीनीकृत दूरभाष केंद्र) का उद्घाटन 06 जुलाई, 2024 को कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स), श्री एल.पी. जोशी के कर कमलों द्वारा किया गया | साथ ही श्री जोशी द्वारा टिहरी डैमटॉप में एक व्यापक सुरक्षा नेटवर्क (नवीनीकृत सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष) का उद्घाटन उप कमांडेंट (केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) श्री डी.सी. शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया | इसी के साथ कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य और चालकों के बैठने की व्यवस्था करते हुए टिहरी के प्रशासनिक भवन परिसर में अन्नपूर्णा कैन्टीन एवं चालक कक्ष का उद्घाटन 29 जुलाई, 2024 को कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स), श्री एल.पी. जोशी के कर कमलों द्वारा किया गया |



व्यापक संचार नेटवर्क (नवीनीकृत दूरभाष केंद्र) का उद्घाटन करते हुए श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टीसी)



श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टीसी) टिहरी के प्रशासनिक भवन परिसर में अन्नपूर्णा कैन्टीन एवं चालक कक्ष का उद्घाटन करते हुए



व्यापक सुरक्षा नेटवर्क (नवीनीकृत सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष) के उद्घाटन का दृश्य

## Suggestion Mela, Innovation, Swift Decision Making, and Best Employee Award Winners-2024

*Winners of Suggestion Mela- 2024*

### 1st Sh. Abhishek Singh Tomar, Assistant Manager (HR-Admin), Rishikesh



To implement Clause 1 under Section 7 of the Disposal Policy, a dedicated portal should be created on the HRMS/FMS/THDC website. This portal will list old furniture and fixtures scheduled for auction, with photographs, available exclusively to employees initially. If the items are not auctioned within a specified period, they may then be processed through standard procedures.

### 2nd Sh. Pawan Chawla, Sr. Manager (Finance), Amelia Coal Mine Project, MP



A 'Wall of Fame' should be established to display the details and photos of all employees who have received the Best Employee Award, organized by year.




### 3rd Sh. Laxmi Prasad Ghildiyal , Manager (F&A), Tehri Complex

To improve safety at the crossing near Bhagirathi Puram's office complex, Sh. Ghildiyal recommended installing traffic lights, road convex mirrors, and widening the crossing. These measures will help prevent potential accidents and enhance visibility.

### 1st Consolation Sh. Ishan Bhushan , Assistant Manager (Public Relations), Rishikesh



To boost awareness and understanding of our newly launched Vision, Mission, and Core Values, Sh. Bhushan proposed a "Vision, Mission, and Values Week." This initiative will feature workshops and seminars led by senior management to explain their relevance to departmental goals, interactive team-building exercises to apply these principles in practical scenarios, and creative contests such as poster design and slogan writing. The best entries will be showcased around the office and on internal platforms, fostering engagement and reinforcing our core values throughout the organization.



### 2nd Consolation Smt. Vishakha Meena, Deputy Manager (D&E-Civil), Rishikesh


Installation of a Sanitary Napkin Vending Machine in every ladies' washroom across THDCIL offices.





## Winners of Innovation Award-2024

1ST



Sh. Ravinder Singh Rana,
AGM (O&M), Tehri



Sh. Vivek Saxena,
Senior Manager
(T&GG),Tehri



Sh. Bhagwati Prasad,
Senior Manager (T&GG),
Tehri

**Innovation:** In Unit #4 of Tehri HPP, an innovative method was used to replace a scratched MDV spool. By utilizing jacking bolts around the MDV sleeve, the replacement challenge was successfully addressed—an issue that the Russian Expert had been unable to resolve. This solution significantly improved the governor system's performance.

2ND



Sh. Sanjay Rawat,
Sr. Manager (D&E-HM),
Rishikesh



Sh. Yudhveer Singh,
Senior Manager (D&E-HM),
Rishikesh



Sh. Ganesh Nitwal,
Manager (D&E-HM), Tehri

Lt. Sh. K. R. Chamoli,
Manager (D&E-HM),
Rishikesh

**Innovation:** Designed a T-foldable platform for the Penstock Inspection & Maintenance Device at Tehri HPP, making previously inaccessible areas of the penstock now reachable. Efforts to procure a practical and economical solution within India were unsuccessful.

3RD



Smt. Mehak Sharma,
Dy. manager (HR) CGM
Sectt., Rishikesh

**Innovation:** Developed and implemented a QR-based Smart Medical Card system, improving employee healthcare referrals with a cost-effective solution. This system has streamlined the process and facilitated hassle-free IPD treatments for nearly 80 patients at THDCIL's empaneled hospital.

## *Swift Decision-Making Reward-2024*



**Sh. M. K. Jain,**
**GM (Unit-Incharge),**
**WPP, Patan**

**Swift Decision:**

Addressed a 1.5-year downtime of a wind turbine due to ROW disputes, road flooding, and blade damage. Quickly cleared waterlogging, rebuilt the road in 8 days, and repaired the blade at 90 m height, making the turbine operational within a month and generating ₹1,507,695 in monthly revenue.



**Sh. C. S. Rana,**
**DGM, Tehri-PSP**

**Swift Decision:**


Fabricated a guide for drill rod installation during cable anchor work, reducing benching time by 1.5 months. Additionally, led the use of controlled drilling and blasting for Upper Horizontal Penstocks, avoiding the need to plug existing adits and saving 3 months.



**Sh. Ram Babu Singh,**
**AGM (Finance-CAC),**
**Rishikesh**

**Swift Decision:**

Resolved the 3% contingency charge issue for the R&R colony, Amelia construction by demonstrating its inclusion in the DSR rate, saving ₹65,60,600 for the corporation. Additionally, reviewed and reduced the cost estimate for publicity works by M/S Pioneer Publicity Corporation Pvt. Limited, saving ₹24,18,811.



**Sh. Laxman SIngh**
**Bisht, DGM**
**Tehri-PSP**

**Swift Decision:**

Managed union communication and resource allocation during a strike to accelerate River joining works for Tehri PSP and KHEP within 35 days, preventing generation losses. Also addressed challenges like high water levels at the TRT outlet by constructing a dyke and dewatering the area.

## Best Employee award-2024- Executive Category




Sh. Kannadhasan S.,
Sr. Manager (Mechanical),
Khurja STPP



Sh. Ashish Mamgain,
Sr. Manager (EM &HM),
Tehri



Sh. Udit Tewari,
Manager (Electrical),
Khurja STPP



Sh. Parth Tripathi,
Dy. Manager (D&E- Civil),
Rishikesh

## Supervisor Category



Sh. Veerbhadra Singh Negi,
Jr. Engineer (O&M),
Tehri

## Workmen Category



Sh. Heera Mani Bailwal,
Technician (O&M),
Tehri



Sh. Krishan Pal Singh,
Sub-Officer, ED Sectt.
Tehri





## Meritorious Student Award-2024

### Management Category



Kumari Saumya Celina Tigga,
D/O Sh. Ishwar Dutt Tigga
AGM (HR&A), Rishikesh



Kumar Utkarsh Dubey,
S/O Sh. Mridul Dubey
DGM (F&A), TUSCO, Lucknow



Kumar Aman Kumar,
S/O Sh. Ajay Vaish
DGM (Commercial), Rishikesh

### 12th ICSE



Kumar Nimish Bahuguna,
S/O Sh. Neelendra Bahuguna
Jr. Executive (Hosp.), Tehri

### 12th CBSE



Kumari Aditi Gupta,
D/O Sh. Rajesh Kumar Gupta
Sr. Manager (Finance),
Rishikesh



Kumari Saumya Aswal,
D/O Sh. Rajesh Aswal
Jr. Executive (S&E),
Rishikesh



Kumari Aanya Negi,
D/O Sh. J.K.S. Negi
Dy. Manager (PSP-EM & HM),
Tehri

### 10th ICSE



Kumari Gauri Aswal,
D/O Sh. Himanshu Aswal
Sr. Manager (HR-Estb.),
Rishikesh

### 10th CBSE




Kumar Suryansh Singh Chauhan,
S/O Sh. S. K. Chauhan
AGM (R&D), Rishikesh

### 10th CBSE



Kumari Saanvi Rana,
D/O Sh. N. S. Rana, DGM (Contracts) &
Smt. Himanshu Rana, Manager (HRD),
Rishikesh



Kumari Aditi Gupta,
D/O Sh. Neeraj Kumar Gupta,
DGM (Commercial),
Rishikesh

## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश 'तेजस्विनी' द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



25 जुलाई, 2024 को लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश 'तेजस्विनी' द्वारा एसोसिएशन की संरक्षिकाओं एवं कुछ सदस्याओं का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया व साथ ही सदस्या श्रीमती अपर्णा शर्मा हेतु विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया | इस अवसर पर श्रीमती चंचल विश्नोई, मुख्य संरक्षिका व श्रीमती मनु शिखा गुप्ता, संरक्षिका मुख्य रूप से उपस्थित रहीं |

## खुर्जा परियोजना में उच्च स्तरीय दौरे सम्पन्न



1320 मे.वा. की खुर्जा एसटीपीपी (इकाई-1) के सिंकरोनाईजेशन के अग्रिम चरण में होने के कारण वैधानिक अनुपालन के रूप में, सभी विद्युत उपकरणों को प्रथम चार्जिंग से पूर्व सीईए से अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य है।
इकाई-1 के शेष उपकरणों (परियोजना के स्विचयार्ड, बस-रिएक्टर, जनरेटर-ट्रांसफार्मर, स्टेशन-ट्रांसफार्मर तथा संबंधित 11 के .वी. बोर्ड का सीईए अनुमोदन प्राप्त हो चुका है) के अनुमोदन के लिये, सीईए अधिकारियों की एक टीम, जिसमें सुश्री ऋषिका शरण, मुख्य विद्युत निरीक्षक (भारत सरकार) और श्री आलोक कुमार, उप निदेशक और विद्युत निरीक्षक शामिल थे, ने 21 जुलाई, 2024 को खुर्जा एसटीपीपी साइट का दौरा किया।
श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) द्वारा परियोजना स्थल पर टीम का स्वागत किया गया। कार्यपालक निदेशक (परियोजना) ने सीईए टीम को परियोजना की वर्तमान में चल रही और नियोजित गतिविधियों के बारे में, विशेष रूप से यूनिट#1 के सिंकरोनाईजेशन से संबंधित, जानकारी दी।
सीईए टीम ने यूनिट#1 के सिंकरोनाईजेशन के लिए आवश्यक विभिन्न उपकरणों और प्रणालियों, जैसे- जेनरेटर, यूनिट ट्रांसफार्मर, UATs, HT/LT मोटर्स, HT/LT स्विचबोर्ड, मुख्य नियंत्रण कक्ष, सभी प्रोटेक्शन रीले पैनल्स (Protection Relay Panels), Aux. Boiler, AHP/FGD प्रणाली, कॉल हैंडलिंग प्लांट आदि की तैयारियों की जांच की। टीम ने जेनरेटर, IP Bus-duct और यूनिट ट्रांसफार्मर पर कुछ विद्युत परीक्षण भी करा कर देखे। टीम ने परियोजना की तैयारियों पर संतोष जताया। उन्होंने उपकरणों के विद्युत सुरक्षा से संबंधित कुछ लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने हेतु निर्देश दिये। इस दौरान श्री आर.एम. दुबे, महाप्रबंधक (विद्युत); श्री. के.पी. नौटियाल, वरिष्ठ प्रबंधक; श्री ए. के.विश्वकर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक; श्री शाहिद अनवर,सुश्री नयन रतुडी, सुश्री प्रज्ञा व्यास, श्री रूस्तम, सुश्री वंदना आर्य, सुश्री शिवानी के साथ BHEL, LMB, GE तथा Thyssen Krupp के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



खुर्जा परियोजना में 19 जुलाई, 2024 को श्री प्रवीन गुप्ता, सदस्य (थर्मल), केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, भारत सरकार एवं श्री राजेश कुमार, कंसलटेंट द्वारा दौरा किया गया | श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक, (परियोजना) ने श्री प्रवीन गुप्ता सहित प्रतिनिधिमण्डल का प्लान्टर एवं शाल भेंट कर स्वागत व हार्दिक आभार व्यक्त किया।
श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) ने श्री प्रवीन गुप्ता के साथ खुर्जा परियोजना के विभिन्न पैकेजों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात श्री गुप्ता ने टीएचडीसी-खुर्जा परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

## Inauguration of New Knitting Training Centre under VPHEP "Nayi Udaan" Program



The 444 MW Vishnugad-Pipalkoti Hydro Electric Project (VPHEP) has inaugurated a knitting training centre in Eldana village as part of its "Nayi Udaan" livelihood enhancement initiative. This project aims to empower local women through skill development for self-employment and economic independence. The centre provides knitting machines, equipment, and ongoing support, with training led by a local skilled trainer. The inauguration event was attended by Sh. J. S. Bisht (AGM, S&E), Sh. R. S. Makholga (DGM, H.M), Sh. R.S. Sariyal (Dy. Manager, Social), and several local representatives.

## “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के अंतर्गत खुर्जा परियोजना वृक्षारोपण



देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए अभियान #एक पेड़ माँ के नाम (#Plant4mother) के तहत 1320 मेगावाट की खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में 22 जुलाई, 2024 को टाउनशिप परिसर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूमि क्षरण से निपटने, सूखे से निपटने और मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए वृक्षारोपण की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण अभियान में आम, चीकू, मौसमी, अमरूद, नाशपाती जैसे कुल 100 फलदार पेड़ टाउनशिप परिसर में लगाए गए|

## वीपीएचईपी परियोजना वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



16 जुलाई 2024, को हरेला पर्व के अवसर पर विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना (444 MW) द्वारा परियोजना क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरेला पर्व के अंतर्गत परियोजना के पर्यावरण विभाग द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम दिनांक 16 से 18 जुलाई, 2024 तक चलाया गया जिसमें कुल 200 वृक्षों का रोपण किया गया। वीपीएचईपी द्वारा 150 वृक्षों का रोपण तथा बद्रीनाथ वन प्रभाग कार्यालय द्वारा परियोजना के कार्यक्रम में अतिरिक्त 50 वृक्ष रोपण हेतु सहयोग प्रदान किया गया। वृक्षारोपण के कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख, श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक एवं श्री जितेंद्र सिंह बिष्ट, अपर महाप्रबंधक (प्रभारी) (सामाजिक एवं पर्यावरण) द्वारा किया गया |

## An Awareness and Knowledge Sharing Session

Kaushambi



An awareness and knowledge-sharing session on the topic "Green Energy: A Clean & Sustainable Alternative Source of Fuel” was conducted 22 July, 2024 at the NCR office in Kaushambi by Sh. Pradeep Tripathi, Manager (Business Development). The session comprehensively covered several key areas, including an introduction to green energy, types of fuel, and green hydrogen. Sh. Tripathi discussed the uses, advantages, and disadvantages of green hydrogen, its global status, and India's National Green Hydrogen Mission. He also explained green hydrogen production, types of electrolysers, and provided an overview of THDCIL's Green Hydrogen Pilot Project, including its components, operation, location, inauguration, and awards received.

## Yoga for Personal and Professional Excellence

Kaushambi



On 30 July, 2024, Sh. Hans Dholakia, a Yoga Instructor, led a session on "Yoga for Personal and Professional Excellence" for NCR office employees in two shifts. The session covered work-life balance, physical, mental, and emotional health, and the role of yoga, meditation, and concentration in achieving success.



Generating Power... Transmitting Prosperity ...

# भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



**Sh. Rajesh Sharma**
**GM (D(T) Sectt.)**
**Rishikesh**
**DOR 31-07-2024**

Sh. Rajesh Sharma superannuated from corporation on 31.07.2024. He was serving the organization as General Manager (Director (T) Sectt.) at Rishikesh Corporate office.

He joined THDCIL as an Engineer (Trainee) in 1990, after earning his B.Tech (Civil) from MNIT Jaipur and a PG in Hydrogeology from Aligarh Muslim University. He later completed an MBA from Indira Gandhi Open University.

During his 34 years at THDCIL, Sh. Sharma worked in various departments including Rural and Urban Rehabilitation, Contracts and Material Management, and Commercial at Rishikesh. He also held key roles in Pkg-III HPP and PSP billing and served as GM (Stage-I) at Tehri. He earned a Post Graduate Certificate in Project Management from IIM Indore and participated in International programs in Japan and Bhutan. His contributions to THDCIL will always be remembered.



श्री गजेन्द्र सिंह
अपर महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण, सेफ्टी, सीएसआर & पर्यावरण), खुर्जा
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री एस. डी. उनियाल
वरि. प्रबंधक (कॉस्ट इंजीनियरिंग)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री खिमानन्द गैरोला
सहायक प्रबंधक (सुरक्षा)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री मस्त राम
कनिष्ठ कार्यपालक (अस्पताल)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्रीमती गीता विज
अधिकारी प्रशा. (विधि एवं पुनर्वास)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्रीमती फिलिसिटी
उप-अधिकारी (नर्सिंग-अस्पताल)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री एन. बी. खत्री
उप-अधिकारी (मा. सं. व प्रशा.)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री गंगा प्रसाद पंत
उप अभियंता (ऑपरेटर), मैकेनिकल, टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री पूर्ण सिंह असवाल
उप अभियंता (ओएंडएम)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री धाम सिंह
हेल्पर (गेस्ट हाउस)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-07-2024



श्री सुनील कुमार
परिचारक (अस्पताल)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31-07-2024

Designed In-House by Corporate Communication Department, Rishikesh

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन व जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड, ऋषिकेश-249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135-2473504, वेबसाइट:www.thdc.co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका/न्यूज लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनके टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)